Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up a sainik school in Salempur Parliamentary Constituency.

श्री रविन्दर कुशवाहा (सलेमपुर): महोदय, सबसे पहले तो मैं माननीय प्रधान मंत्री जी व वित्त मंत्री जी का धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ, जिन्होंने इतना दूरदर्शी व उम्मीदों का बजट पेश किया।

महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र सलेमपुर में सरकारी शिक्षा व उत्कृष्ठ शिक्षा प्रतिष्ठानों से वंचित है, जिसके चलते मेरे संसदीय क्षेत्र के गाँव, गरीब, किसान व मजदूरों के प्रतिभाशाली व ऊर्जावान बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित रह जाते हैं । मेरे संसदीय क्षेत्र के लोगों को अपने बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा ग्रहण करने हेतु अत्यधिक दूरी तय कर शहरों में जाना पड़ता है । इस कारण आर्थिक रूप से कमजोर लोग अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं दिला पाते हैं ।

महोदय, परम आदरणीय प्रधान मंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश दूर-दराज के गाँवों के समग्र विकास के लिए अग्रसर है और देश पुन: विश्वगुरू बनने की दिशा में अग्रसर है । आदरणीय मोदी जी का सपना है कि देश के गरीब, किसान व मजदूर के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले।

महोदय, मैं इस मान्य सदन के माध्यम से माननीय रक्षा मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र में एक सैनिक स्कूल की स्थापना कराने की कृपा करें, जिससे मेरे संसदीय क्षेत्र के गाँव, गरीब, किसान व मजदूरों के होनहार बच्चे सैनिक स्कूल में पढ़कर देश की सेवा कर सकें । धन्यवाद ।